## संक्षिप्त समाचार

### शुरू हुई बेसिक स्कूलों की परीक्षाएं... प्रश्नपत्रों में रही गलतियों की भरमार...



**सादुल्लाहनगर( बलरामपुर)/शाहिद हुसैन:** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इस बार विभाग ने दो दिन पूर्व ही सभी स्कूलों में प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी हैं। शासन द्वारा पूरी तरह से नकल विहीन परीक्षा कराने के कड़े निर्देश दिये गए हैं। शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय रेहरा बाजार प्रथम के परीक्षा प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया की शासन के निर्देशानुसार नकलविहीन परीक्षा कराई जा रही है। आज सुबह की पाली में कक्षा 4 और कक्षा 5 में गणित कक्षा 3 में सामाजिक विषय तथा कक्षा दो में हिंदी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह और शिक्षक प्रवीण तिवारी ने बताया की विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्रों में गलतियों की भरमार है। कक्षा 4 गणित और कक्षा 5 गणित के प्रश्नपत्रों में प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का क्रमांक संख्या 1 के प्रश्न हुबहू दे दिए गए हैं। जबकि प्रश्न क्रमांक संख्या 8 के दो दो विकल्प समान दिए गए हैं। ऐसा लगता है कि प्रश्नपत्रों के निर्माण में समय और मेहनत की भरपूर बचत की गई है। इस बार शासन के आदेशानुसार कक्षा 1से 4 तथा कक्षा 6 और कक्षा 7 की परीक्षा कापियां स्कूल स्तर पर विद्यालय शिक्षकों द्वारा जबकि कक्षा 5 और कक्षा 8 की कापियां संकुल स्तर पर संकुल शिक्षकों द्वारा जांची जायेगी।

### पांच माह से नहीं डॉक्टर नही, मरीज परेशान

*सीएचसी तुलसीपुर व जिला अस्पताल जाने को मजबूर मरीज*




**महराजगंज तराई (बलरामपुर)/पंकज मिश्र :** कहने को तो यह अस्पताल है, लेकिन पाँच महीने से डॉक्टर नहीं मिल पा रहे है। लगभग 15 गांव के लोग यहां इलाज कराने आते हैं। डॉक्टर की कुर्सी खाली मिलने पर वापस लौट जाते हैं। मजबूरन उन्हें निजी क्लीनिक पर मुंह मांगी फीस देकर इलाज कराना पड़ता है। मामला सीएचसी तुलसीपुर के अंतर्गत आने वाले पीएचसी गुलरिहा हिसामपुर का है। यहां डॉक्टर का टोटा होने के कारण मरीज को बेहतर स्वास्थ्य लाभ लेने का दावा तार तार नजर आ रहा है। ग्रामीण रामचंद्र यादव ,अरुण सोनी, प्रह्लाद गुप्ता ,रमेश, कुलदीप ने बताया कि पाँच महीने से डॉक्टर की तैनाती नहीं है। ऐसे में मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर व जिला चिकित्सालय बलरामपुर जाना पड़ता है। अस्पताल के चारों तरफ झाड़िया लगी है। मौसम बदलने के साथ संक्रामक बीमारियां पूर्ण रूप से अपना पांव पसार रही है।फिर भी विभाग अपने हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ग्रामीणों ने अस्पताल में फैली गंदगी व डॉक्टर के तैनाती की मांग मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है।

### पचपेड़वा में निकली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा



**पचपेड़वा (बलरामपुर)/मोहम्मद रईस :** हिन्दू पंचांग का अंतिम माह भगवान शिव व कृष्ण का खास माह के रूप में जाना जाता है इस माह में मारवाड़ी समुदाय के लोग अपने आराध्य भगवान श्री कृष्ण के अति प्रिय बर्बरीक यानी खाटू नरेश श्याम प्रिय की भक्ति से डूब जाते हैं। इस दौरान नगर पंचायत पचपेड़वा के राम जानकी मंदिर से सतरंगी फाल्गुन महोत्सव में डूबते हुए सुबह खाटू श्याम की आराधना में निकाले जाने वाली निशान यात्रा जिसमें पचपेड़वा नगर पंचायत से पैदल पुरुष और महिलाएं डीजे के साथ राष्ट नेपाल की तरफ रवाना हुए। पूरे उत्साह के साथ पुरुष और महिलाएं बिना रुके खाटू श्याम निशान यात्रा लेकर चल रहे थे। वही नेपाल राष्ट्र के कृष्णा नगर लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचकर यात्रा की विश्राम होती है। श्याम निशान शोभा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा , सृष्टि अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल,विपिन अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, नीलम सिंघल, चंदन अग्रवाल,सहित लोग शामिल थे। वही नेपाल के कृष्णा नगर में लक्ष्मी नारायण मंदिर में सजता है दरबार जहां पर उन्हें 56 भोग लगाया जाता है।

### महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने थारू गांवों में किया भाजपा को जिताने की अपील

**पचपेड़वा (बलरामपुर)/मोहम्मद रईस :** महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने नेपाल सीमा से सटे थारू गांव में घर घर जाकर भगवान राम अयोध्या मंदिर का कैलेंडर देकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने को अपील की। विधानसभा क्षेत्र गैंसडी के नेपाल सीमा से सटे थारू गांव बड़का भुकरूआ, छोटका भुकुरवा, कंचनपुर,सड़नी आदि गांवों में महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान के अध्यक्ष मदन लाल जायसवाल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता घर घर जाकर भगवान राम अयोध्या मंदिर का कैलेंडर देकर भाजपा प्रत्याशी को प्रचड बहुमत से जिताने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील किया। इस अवसर पर राजित राम थारू जिलाध्यक्ष जनजाति मोर्चा, हेमेंद्र थारू, अजय सिंह मंत्री महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान, सलीम खान मीडिया प्रभारी महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान, संदीप यादव, भारत प्रसाद थारू समेत महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चैतरफा 'डीपीआरओ' और 'डीडीओ' पर हुआ 'हमला'

## किसी ने मुख्यमंत्री तो किसी ने पंचायती निदेशक तो किसी ने कमिश्नर तो किसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

**▸▸ `एमएलसी' देवेंद्र प्रताप सिंह, `पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, भाजपा नेता चंद्रेश प्रताप सिंह और विकास सिंह ठाकुर ने सचिवों के अनियमित तबादले पर भारी धन उगाही का लगाया आरोप ▸▸ सभी ने अनियमित तबादले को निरस्त करने और दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की ▸▸ 50-55 सफाई कर्मियों के अचानक तबादले को लेकर भी उठाए गए सवाल ▸▸ एक दिन पहले जिले में तबादला होकर आए डीडीओ ने सबसे अधिक सचिवों का तबादला किया**

तेजयुग न्यूज़

**बस्ती।**...सचिवों के मामले में जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी पर सालों से सवाल उठ रहें है। इन दोनों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार करने वाले सचिवों को भारनी रकम लेकर बचाने का आरोप विधायक से लेकर भाजपा नेता लगाते आ रहे है।

डीपीआरओ पर तो आते ही अनियमितता करने और नीजि लाभ के लिए थोक में सफाई कर्मियों का तबादला करने का आरोप कई बार लग चुका है। इन अधिकारियों ने सचिवों और सफाई कर्मियों को कमाई का सबसे बड़ा जरिया बना लिया है। इन दोनों विभागों के साहबों की तो बात ही छोड़िए, चपरासी से लेकर स्थापना लिपिक तक ने स्थाई कमाई का स्रोत बना लिया है। जिले में आज जो ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसके लिए सचिवों कि साथ दोनों अधिकारियों और स्थापना लिपिकों को जिम्मेदार माना जा रहा है। इन दोनों अधिकारियों और स्थापना लिपिकों को जब भी धन कील आवश्यकता होती है, तो यह लोग कभी सचिवों तो कभी सफाई कर्मियों का अनियमित तबादला कर देते है।


अगर, कहीं अधिक धन की आवश्यकता हुई तो सचिवों की पुरानी फाइल खोल देते है। अब जरा अंदाजा लगाइए कि डीडीओ को जिले में तबादला होकर आए अभी दो दिन भी नहीं बीता कि इन्होंने थोक में ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला चुनाव से ठीक पहले कर दिया। अभी इन्होंने सचिवों को कौन कहे, जिले को भी ठीक से नहीं समझा, और तबादला कर दिया। इससे पता चलता है, कि यह भी पूर्व डीडीओ के नक्षेकदम पर चल रहे है। रही बात डीपीआरओ और स्थापना लिपिक की तो इन दोनों का रिटायरमेंट करीब हैं, और यह दोनों विभाग को झाड़ू लगाकर जाना चाहते है। किस आधार तबादला किया गया, इसकी जानकारी कोई नहीं दे पा रहा है। तबादले की बात को गोपनीय रखा गया। यहां तक कि तबादले की जानकारी कार्यालय में काम करने वाले अन्य अधिकारियों और एडीपीआरओ तक को नहीं दी गई।सचिवों और सफाई कर्मियों के तबादले में जमकर धन उगाही की शिकायत एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, भाजपा नेता चंद्रेश प्रताप सिंह और भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री विकास सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव पंचायती, पंचायती निदेषक, कमिश्नर, मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिल्ली और मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से की है। सभी नेताओं ने तबादले को निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इन तबादलों को चुनाव की नजर से भी देखा जा रहा हैं।

तबादले की खासबात यह रही कि 12 से 15 साल से जमे सफाई कर्मियों का तबादला नहीं किया गया, लेकिन एक-दो साल वाले का अवश्य कर दिया गया। डीपीआरओ ने आठ ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ 55 सफाई कर्मियों और जिला विकास अधिकारी ने 13 ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला किया। सभी को उनके मनचाहे स्थान और ब्लॉक पर तबादला किया गया। इसी लिए भारी धन की उगाही की शिकायतें भजपा नेताओं की ओर से किया गया। श्रिकायत में कुछ सफाई कर्मियों का जिक्र किया, जो 12-15 साल से एक ही स्थान पर जमे हैं, फिर भी उनका तबादला नहीं किया गया, वहीं पर जिसने अधिक चढ़ावा चढ़ाया, उसे ब्लॉक और गांव एलाट कर दिया गया। जिन लोगों का तबादला किया गया, उनके बारे में कहा गया कि इन सभी का तबादला चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया। कहा गया कि साउंघाट ब्लॉक में सफसई कर्मी, रमेषचंद्र, किस्मती देवी, बसपा समर्थक सतीष कुमार, उमेष चंद्र मौर्य का तबादला नहीं किया गया, जबकि यह लोग 12 से 15 साल तक एक ही स्थान पर जमे हुएं है। वहीं पर एक दो साल वाले का तबादला कर दिया। क्यों कि इनके स्थान पर धन देने वाले सफाई कर्मियों को एडजस्ट किया जा सके। सभी नेताओं ने इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

## बैसवारा लालगंज की दामिनी बेटी बनी दरोगा

### गदगद परिजनों सहित क्षेत्र में खुशी की लहर

तेजयुग न्यूज़



**लालगंज/रायबरेली :** वैसे तो बैसवारा लालगंज की धरती वीर पुरुषों से खाली नहीं है यहां के वह तमाम पूत देश की रक्षा से लेकर विभिन्न जिम्मेदार पदों पर तैनात रहे हैं और है भी। यही नहीं यहा से तमाम जांबाज लड़कियों ने भी कामयाबी हासिल कर सफलता की सीढ़ी पर पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में कस्बा लालगंज के साकेत नगर निवासिनी दामिनी सिंह ने भी कामयाबी हासिल कर दरोगा बन गई है। दामिनी की पहली तैनाती प्रयागराज के होलागढ़ थाने में की गई है।

इस बड़ी उपलब्धि से न सिर्फ दामिनी का परिवार गदगद है बल्कि बैसवारा क्षेत्र में खुशी की लहर है। सूचना मिलते ही दामिनी के घर पर बधाई देने वालों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि दामिनी के पिता हरिनाथ सिंह स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में कर्मचारी हैं। जबकि मां ललिता सिंह गृहणी है। उनकी बहन शालिनी बैंक आफ बड़ौदा में कार्यरत है। और भाई प्रयास सिंह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। दामिनी के मात पिता ने बताया कि वह शुरुआत से ही पढाई में तेज थी उसने विज्ञान विषय से परास्नातक किया है साथ ही वह बीएड प्रशिक्षित भी हैं पहले ही प्रयास में दरोगा भर्ती में चयन हो गया। पासिंग आउट परेड के साथ उन्हें प्रयागराज के होलागढ़ थाने में तैनाती मिल गई है। दामिनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बैसवारे की बेटी के दरोगा बनने पर तमाम लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## भेड़िया का आतंक डेढ़ दर्जन बकरियों को बनाया शिकार ग्रामीण भयभीत

**अयोध्या :** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव रौनाही, धन्नीपुर, सफीपुर, मंगलसी आदि गांवों में भेड़िया का आतंक फैला हुआ है। गाँवो से जुड़े लोगों में भेड़िए का आतंक घर कर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सम्बंधित गाँवो से लगभग डेढ़ दर्जन बकरियों को अपना निवाला बना चुका है। इसकी शिकायत धन्नीपुर निवासी पूर्व प्रधान राम अभिलाख यादव, सुखलाल, प्रमोद रावत सफीपुर, भाकियू नेता फरीद अहमद आदि ने उपजिला अधिकारी और रेंजर वन विभाग को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया अब तक भेड़िया डेढ़ दर्जन बकरियों का शिकार कर चुका है। बीते सोमवार को सुबह गांव के लोगो ने एक भेड़िए का हाइवे पर सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुआ है। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने वन विभाग को दिया तो वन कर्मी मौके पर पहुँचकर शव को शील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछे जाने पर वन विभाग के क्षेत्रीय वन रक्षक राम राज, बाबू लाल ने बताया शिकायत मिली है जल्द ही पिंजड़े को लगाकर पकड़वाने की व्यवस्था की जाएगी।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया : स्वामी प्रसाद मौर्य

### कहा, भाजपा को हराने के लिए इंडिया एलाइंस गठबंधन का करेंगे समर्थन

तेजयुग न्यूज़



**रायबरेली।** भाजपा सरकार में व्यापारी किसान मजदूर एवं बेरोजगारों का जमकर शोषण हो रहा है जीएसटी व ईडी के माध्यम से बीजेपी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है किसानों पर रबड़ के गोले दागे जा रहे हैं एमएसपी का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है किसान परेशान है नतीजा 2024 के चुनाव में भाजपा का सफाया होने जा रहा है। उक्त बातें शहर के एक होटल में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय शोषित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कही।

श्री स्वामी ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया एलाइंस गठबंधन का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने करोड़ों युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है ईडी व सीबीआई के माध्यम से विपक्षी पार्टी के नेताओं को निशाने पर लिया जा रहा है लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है ऐसे में भाजपा को हराने के लिए राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी इंडिया एलाइंस गठबंधन का समर्थन करेगी। चुनाव लड़ने के सवाल पर श्री मौर्य ने कहा कि इंडिया एलाइंस गठबंधन जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी पार्टी उसका समर्थन करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सुभाष चंद्र लहरी ने संबोधित करत हुए कहा कि पार्टी जिला स्तर से विधानसभा स्तर एवं बूथ स्तर पर जल्द ही विस्तार करेगी और आगामी विधानसभा के चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

इस मौके पर पार्टी के संरक्षक साहेब सिंह धनगर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप चौधरी सत्रोहन मौर्या पूर्व अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक, उत्कृष्ट मौर्य अशोक जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रपाल पासी पूर्व ब्लाक प्रमुख डलमऊ सियाराम पाल रामगोपाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश मौर्या राजेंद्र मौर्य भवानी भीख मुकेश कुमार शिवनारायण मौर्य संतोष मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'मासूम' ने रखा 'रोजा', की 'देश' की तरकी 'दुआ'

### कुदरहा ब्लॉक के गायघाट क्षेत्र के दो बच्चों का नौवां रोजा मुकम्मल

तेजयुग न्यूज़

**कुदरहा/बस्ती।** नगर पंचायत गायघाट निवासी गुलाम रब्बानी के दो मासूम साहबजादों ने अब तक नियमित रोजे रखकर क्षेत्र में मिशाल कायम की है। यह दोनों बच्चे नमाज उनका कहना है कि उनकी अम्मी की नेक नियति को देखकर ही उन्होंने भी रोजे रखना शुरू किया है। अल्लाह की इबादत में सेहरी से लेकर आफतारी तक उन्हें जरा सा भी भूख प्यास नहीं लगती है।

गायघाट नगर पंचायत के बाबा चेतनदास नगर वार्ड निवासी गुलाम रब्बानी के सात वर्षीय पुत्र मोहम्मद तंजीर ने अपनी अम्मी की सलाह पर इस साल से रोजा रखना शुरू किया है। बुधवार को उसने आठवा रोजा रखा है। उसने बताया कि स्वप्न में जैसे किसी ने रोजे रखने के लिए कहा है। यह बात उसने जब अपनी अम्मी




से बताई तो अम्मी ने बहुत समझाया कि अभी तुम्हारी उम्र बहुत कम है। भूख प्यास कैसे बर्दास्त कर पाओगे। लेकिन बच्चे की जिद कि वजह से उन्होंने उसकी तैयारी कराई और रोजे रखने के साथ साथ अल्लाह की इबादत करना भी सिखाया। वही मोहम्मद तंजीर का बड़ा भाई नौ वर्षीय मोहम्मद तहरीम पिछले तीन सालों से रमजान का रोजा रख रहा है।

कुरान की तिलावत के साथ साथ अल्लाह की इबादत में इनका पूरा दिन कब बीत जाता है, इसका कुछ पता ही नहीं चलता। इस बारे में बात करने पर व्यवसायी गुलाम रब्बानी ने बताया की हमारा पूरा परिवार रमजान के मुबारक महीने में हर फर्ज के बाद मुल्क और शहर की तरक्की, खुशियाली और अमन-चैन के लिए दुआ मांगता है। मेरे छोटे बेटे के पहले साल के नौ रोजा मुक्कमल होने पर काफी खुशी मिल रही है और फक्र भी महसूस हो रहा है। जबकि बड़ा बेटा तीन सालों से रमजान में रोजे रख अल्लाह की इबादत में रोजे रखने में मशगूल है।

## बैसवारा लालगंज की दामिनी बेटी बनी दरोगा

तेजयुग न्यूज़

**लालगंज/रायबरेली :** वैसे तो बैसवारा लालगंज की धरती वीर पुरुषों से खाली नहीं है यहां के वह तमाम पूत देश की रक्षा से लेकर विभिन्न जिम्मेदार पदों पर तैनात रहे हैं और है भी। यही नहीं यहा से तमाम जांबाज लड़कियों ने भी कामयाबी हासिल कर सफलता की सीढ़ी पर पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में कस्बा लालगंज के साकेत नगर निवासिनी दामिनी सिंह ने भी कामयाबी हासिल कर दरोगा बन गई है। दामिनी की पहली तैनाती प्रयागराज के होलागढ़ थाने में की गई है।

इस बड़ी उपलब्धि से न सिर्फ दामिनी का परिवार गदगद है बल्कि बैसवारा क्षेत्र में खुशी की लहर है। सूचना मिलते ही दामिनी के घर पर बधाई देने वालों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि दामिनी के पिता हरिनाथ सिंह स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में कर्मचारी हैं। जबकि मां ललिता सिंह गृहणी है। उनकी बहन शालिनी बैंक आफ बड़ौदा में कार्यरत है। और भाई प्रयास सिंह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। दामिनी के मात पिता ने बताया कि वह शुरुआत से ही पढाई में तेज थी उसने विज्ञान विषय से परास्नातक किया है साथ ही वह बीएड प्रशिक्षित भी हैं पहले ही प्रयास में दरोगा भर्ती में चयन हो गया।

पासिंग आउट परेड के साथ उन्हें प्रयागराज के होलागढ़ थाने में तैनाती मिल गई है। दामिनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बैसवारे की बेटी के दरोगा बनने पर तमाम लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रान्तीय रक्षक दल का मण्डलीय पुनरप्रशिक्षण कैम्प का हुआ आयोजन

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** जनपद के तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के कंदई कला गाँव के निकट ग्रामीण स्टेडियम अमानीगंज में 14 दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रान्तीय रक्षक दल पुनरप्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कैम्प में अयोध्या मण्डल के पाँचो जिले अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी के प्रान्तीय रक्षक दल के 150 लोगों ने भाग लिया है। जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी ऋषि पाल सिंह ने बताया कि यह पुनरप्रशिक्षण कैम्प 9 मार्च से प्रारम्भ होकर 23 मार्च तक चलेगा। कैम्प के माध्यम से सभी जवानों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति प्रशिक्षित किया जा रहा है।



### सपा के पूर्व विधायक और भू माफिया आरिफ अनवर हाशमी के खिलाफ एक और बड़ी कार्यवाही

## अपने नाम दर्ज करा ली सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन

तेजयुग न्यूज़/टी.बी. लाल

**▸▸ जारी है माफियाओं के खिलाफ डीएम का एक्शन**

**▸▸ सार्वजनिक प्रयोजन के सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन गाटा संख्या 1471 रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली गई**

**बलरामपुर :** सादुल्लाहनगर में सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा ली गई जमीन को जिलाधिकारी के आदेश पर पुनः ग्राम सभा की जमीन में दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

मामला तहसील उतरौला का है जहां पर आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी निवासी सादुल्लाह नगर तहसील उतरौला ने ग्राम सभा की सार्वजनिक प्रयोजन के सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन गाटा संख्या 1471 रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली गई। जिलाधिकारी को गोपनीय शिकायत मिली कि आरिफ अनवर हाशमी द्वारा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए सुरक्षित खाद गड्ढे की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज करा लिया



गया है। जिलाधिकारी ने मामले की गोपनीय जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जांच में पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी ने वर्ष 1979 में बाले पुत्र राम नारायन से 10 बिस्वा जमीन बैनामा लिया गया था। बैनामा ली गई जमीन में से साढ़े चार बिस्वा रकबा को आरिफ अनवर हाशमी द्वारा नाली में दर्ज करा दिया गया और खाद गडढे के लिए सुरक्षित जमीन गाटा संख्या 1471 की जमीन रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा लिया। अभिलेखों को खंगालने पर पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी ने चकबन्दी अधिनियम 1953 की धारा 42-क में दिए गये प्राविधानों को दरकिनार करते हुए गलत तरीके से सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को अपने दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली है।

गोपनीय जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भूमाफियाओं के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने के आदेश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिये जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण में वाद दाखिल किया गया। इस प्रकरण में आरिफ अनवर हाशमी के नाम दर्ज सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को निरस्त करते हुए पुनः ग्राम सभा की सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन के रूप में दर्ज कर दिया गया है।

इस प्रकार से गोपनीय जांच के उपरान्त पुराने भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही का सिलसिला जारी है। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि भूमाफिया, वन माफिया या अन्य किसी भी प्रकार के माफिया हों, किसी को भी बक्शा नही जायेगा तथा नियमों का पालन करते हुए सरकारी जमीनों को हर हाल में सुरक्षित रखा जायेगा।

## एलएलबी के 24 व बीपीएड के 11 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए

**अयोध्या :** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीपीएड, एमपीएड व एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को सचलदल की सघन तलाशी में 35 नकल करते धरे गए। प्रथम पाली की परीक्षा में बीएनकेबी पीजी कालेज अम्बेडकरनगर में बीपीएड की परीक्षा में 11 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। वहीं दूसरी ओर सचलदल ने एलएलबी की परीक्षा में अवध लॉ कालेज में 06 एवं टीआरसी लॉ कालेज में 15 व बीएनकेबी पीजी कालेज में 03 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर नकलविहीन परीक्षा के कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। सचलदल द्वारा केन्द्रों पर छापेमारी की जा रही है। जिसमें एलएलबी की परीक्षा में 24 व बीपीएड के 11 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा आवासीय परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके अलावा परीक्षा नियंत्रक द्वारा कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की गई।